राजकीय ई–मेल

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15(10)एल–11 / गोप्र / प्रमुवसं–06263

निमित

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्य आयोजना एवं वन बन्दोबस्त / प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक / प्रधान मुख्य वन संरक्षक ट्री, राजस्थान, जयपुर।
2. परियोजना निदेशक, RFBP-2/RFBDP, राजस्थान, जयपुर।
3. अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एन.टी.एफ.पी. / अरावली वृक्षारोपण परियोजना, राजस्थान, जयपुर।
4. उप वन संरक्षक एवं प्रावैधिक सहायक, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान, जयपुर।
5. मुख्य वन संरक्षक, विभागीय कार्य, जयपुर / मुख्य वन संरक्षक, वनवर्धन, जयपुर / निदेशक, राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर।
6. मुख्य वन संरक्षक, जयपुर / अजमेर / कोटा / उदयपुर / जोधपुर / बीकानेर / भरतपुर।
7. मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), जयपुर / (वन्यजीव) जोधपुर / (वन्यजीव) उदयपुर।
8. मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, रणथम्भौर (सवाईमाधोपुर) / सरिस्का (अलवर) / मुकन्दरा (कोटा)।

विषय : सहायक वनपाल की अंतिम वरिष्ठता सूची दिनांक 01.04.2023 के संबंध में।

संदर्भ : इस कार्यालय का आदेश क्रमांक एफ 15(10)2023 / गोप्र / प्रमुवसं / 4509–4618 / सी दिनांक 09.05.2024 एवं 4620–4729 / सी दिनांक 09.05.2024

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के संदर्भित आदेशों द्वारा दिनांक 01.04.2023 की स्थिति के अनुसार सहायक वनपाल की अनुसूचित क्षेत्र एवं गैर अनुसूचित–क्षेत्र की अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है।

उपरोक्त वरिष्ठता सूचियों का अवलोकन कर क्रम संख्या 1 से 4 पर अंकित कार्यालय स्वयं के कार्यालय की एवं क्रम संख्या 5 से 8 पर अंकित कार्यालय स्वयं तथा अपने अधीनस्थ समस्त कार्यालयों (उप वन संरक्षक / वन बन्दोबस्त अधिकारी / कार्य आयोजना अधिकारी) की निम्नानुसार संकलित सूचनाये / प्रमाण पत्र इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें :–

**<u>बिन्दु संख्या 1</u>** :–

प्रमाणित किया जाता है कि इस कार्यालय एवं कार्यक्षेत्र अधीन कार्यालयों में पदस्थापित सहायक वनपाल (दिनांक 01.04.2023 को विभाग में कार्यरत) उपरोक्त अंतिम वरिष्ठता सूची में सम्मिलित कर लिये गये है एवं उनके संबंध में उपरोक्त सूची में अंकित प्रविष्ठियां सही है तथा उनका विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क्र.सं. | नाम कार्यालय | अंतिम वरिष्ठता सूची का क्रमांक | नाम लोकसेवक | पिता का नाम | वर्ग (ST/SC/UR) | वनरक्षक के पद पर कार्यग्रहण तिथि | सहायक वनपाल के पद पर पदोन्नति की प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

**<u>बिन्दु संख्या 2</u>** :–

यदि उपरोक्त अंतिम वरिष्ठता सूची में आपके कार्यालय मे पदस्थापित सहायक वनपाल (दिनांक 01.04.2023 को विभाग में कार्यरत) का नाम सम्मिलित नहीं किये गया है तो उनका विवरण अंतिम वरिष्ठता सूची के प्रपत्र (कॉलम संख्या 1 से 9) में प्रेषित करें।

**<u>बिन्दु संख्या 3</u>** :–

यदि उपरोक्त अंतिम वरिष्ठता सूची में कोई संशोधन की आवश्यकता हो तो उनका विवरण अंतिम वरिष्ठता सूची के प्रपत्र (कॉलम संख्या 1 से 9) में **मय दस्तावेज** प्रेषित करें।

इस कार्यालय में प्रेषित सूचनाओं में प्रायः यह देखा गया है कि अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा **सही/वांछित/पूर्ण/पठनीय/स्पष्ट** सूचनाऐं प्रेषित नहीं की जाती है। इस कार्यालय द्वारा सूचनाओं के परीक्षणोपरांत संबंधित कार्यालय को इस संबंध में अवगत कराने पर **सहवन** से त्रुटिपूर्ण सूचना प्रेषित करना अवगत कराया जाता है, जो कि अत्यंत चिंताजनक एवं खेदजनक है।

उपरोक्त सूचनाऐं **दिनांक 25.10.2024** तक इस कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

**नोट :–**

1. **सहायक वनपाल के पद पर पदोन्नति की प्रभावी तिथि अंकित करना है, कार्यग्रहण तिथि अंकित नहीं किया जाना है।**
2. **वनरक्षक के पद पर कार्यग्रहण तिथि अगर मध्यान्ह पश्चात् है तो अगली दिनांक को कार्यग्रहण तिथि माना जावें।**
3. **समस्त कार्यालय स्पष्ट, पठनीय पूर्ण वांछित सूचना परीक्षण करने के उपरांत ही इस कार्यालय को प्रेषित करें। अधीनस्थ कार्यालयों के अनावश्यक पत्रों को संलग्न नहीं करें।**
4. **समस्त सूचनाऐं SSO आई.डी RJAJ201801009865 पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात डाक द्वारा उक्त सूचना प्रेषित नहीं करें।**
5. **मुख्य वन संरक्षक, एफ.पी.आर.पी. जयपुर एवं मुख्य वन संरक्षक, आर.वी.पी. कोटा का समायोजन क्रमशः संभागीय मुख्य वन संरक्षक जयपुर एवं संभागीय मुख्य वन संरक्षक, कोटा में हो जाने के फलस्वरूप उक्त कार्यालयों की सूचना संभागीय मुख्य वन संरक्षक जयपुर एवं संभागीय मुख्य वन संरक्षक, कोटा द्वारा प्रेषित की जायेगी।**
6. **उक्त सूचना लोक सेवकों के वर्तमान पदस्थापन कार्यालय द्वारा प्रेषित की जावेगी।**

भवदीया,

(शिखा मेहरा)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन)
राजस्थान जयपुर

क्रमांक : एफ 15(10)2023/गोप्र/प्रमुवसं–06263

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त उप वन संरक्षक/कार्य आयोजना अधिकारी/वन बन्दोबस्त अधिकारी/भू–संरक्षण अधिकारी को भेजकर लेख है कि उपर दिये गये निर्देशों के अनुसार सूचना अपने नियंत्रण अधिकारी (संबंधित मुख्य वन संरक्षक) को प्रस्तुत करें। **पत्र की प्रति इस कार्यालय को प्रेषित नहीं करें।**
2. उप वन संरक्षक,सूचना एवं प्रोद्योगिकी को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन करने हेतु।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराजपत्रित)
कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान, जयपुर



Document certified by Shikha Mehra <shikhamehraifs@gmail.com>.
Digitally Signed by Shikha Mehra
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date :15-10-2024 05:44:03

RajKaj Ref No.: 11152960